# प्रश्नबैंक

# विषय – हिन्दी

# प्रथम सत्र

## इकाई 1 से 3

गुजरात शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद,
गांधीनगर

कक्षा – 8

| क्रम | निष्पति क्रमांक | अध्ययन निष्पति |
|---|---|---|
| 1 | H828 | उपसर्ग एवं प्रत्यय का अर्थ समझकर उनका उपयोग करके नए शब्द की संरचना करते हैं। |
| 2 | H811 | क्या ,कौन,कब,कहां, क्यों और कैसे वाले प्रश्नों के उत्तर मौखिक और लिखित रूप से देते हैं\| |
| 3 | H801.01 | अपरिचित शब्द सुनकर एवं पढ़कर समझते हैं\| |
| 4 | H822 | शब्द के लिंग परिवर्तन के नियमानुसार वाक्य प्रयोग करते हैं\| |
| 5 | H821.01 | समानार्थी शब्दों का वाक्य प्रयोग करते हैं \| |
| 6 | H821.01 | विरुधार्थी शब्दों का वाक्य प्रयोग करते हैं\| |
| 7 | H821.03 | मुहावरे का अर्थ देकर वाक्य में प्रयोग करते हैं\| |
| 8 | H823 | शब्द के वचन परिवर्तन के नियमानुसार वाक्य प्रयोग करते हैं। |
| 9 | H827 | शब्दकोश का उपयोग करते हैं। |
| 10 | H804 | छपी हुई और हस्त लिखित पाठ्यसामग्री पढ़कर उसके भावार्थ को समझते हैं। |
| 11 | H818.2 | चित्र का अवलोकन करके काव्य मौलिक रूप में लिखते हैं। |
| 12 | H820 | अपूर्ण काव्य और कहानी को पूर्ण करते हैं\| |
| 13 | H 832 | घटना या प्रसंग के कारणों का अनुमान करते हैं\| |
| 14 | H816.02 | परिचित विषय पर अपने विचार लिखित रूप से व्यक्त  करते हैं \| |
| 15 | H803.02 | कविता सुनकर एवं पढ़कर समजते हैं \| |

**H828 उपसर्ग एवं प्रत्यय का अर्थ समझकर उनका उपयोग करके नए शब्द की संरचना करते हैं।**

**हेतु लक्षी प्रश्न**

**प्रश्न 1(A) सही विकल्प चुनकर लिखिए। (HOT) (प्रत्येक प्रश्न का एक अंक) (21)**

**1. यदि 'न्याय' शब्द में 'अ' उपसर्ग जोड़ा जाए, तो शब्द का अर्थ कैसे परिवर्तित होगा?**

A. न्यायिक प्रक्रिया को बढ़ाएगा ।

B. न्याय का उच्च स्तर दर्शाएगा ।

C. न्याय का अभाव या विरोध दर्शाएगा ।

D. न्याय को स्थिर बनाएगा ।

**2. अगर 'विश्वास' में उपसर्ग 'अ' जोड़ा जाए, तो अर्थ नकारात्मक बन जाता है। ऐसा ही कौन-सा अन्य शब्द है जिसमें उपसर्ग जुड़ने से अर्थ के विपरीत हो जाता है?**

A. सच्चा

B. मिलन

C. स्वीकृति

D. हितकारी

**3. नीचे दिए गए शब्दों में से किस शब्द में उपसर्ग का प्रयोग अर्थ को सकारात्मक बनाता है?**

A. अपमान

B. असत्य

C. सुप्रभात

D. नाश

**4. 'अति' उपसर्ग किन-किन शब्दों में अधिकता या अत्यधिक होने का संकेत देता है?**

A. अतिशय, अत्यधिक, अतिक्रमण

B. अत्याचार, अतिरेक,अतिशीघ्र

C. अत्युत्तम,अतिवृष्टि,अतिरिक्त

D. सभी विकल्प सही हैं

**5. ‘निराश’, ‘निर्दोष’, ‘निष्कलंक’ — इन शब्दों के आधार पर 'नि' उपसर्ग से किस प्रकार का भाव प्रकट होता है?**

A. सहित

B. अभाव या रहित होने का बोध

C. जोड़ा गया अर्थ

D. स्थायित्व

**6. यदि 'कर्म' शब्द में ‘सु’ उपसर्ग जोड़ा जाए, तो यह किस नई व्याख्या की ओर संकेत करता है?**

A. कठिन कर्म

B. बुरा कर्म

C. अच्छा या श्रेष्ठ कर्म

D. कर्म का अभाव

**7. 'अविश्वास' शब्द में उपसर्ग क्या है?**

A. अ

B. वि

C. विश्वास

D. अस

**8. 'सुपरिचित' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है?**

A. सु

B. परि

C. परिचित

D. प्रति

**9. निम्नलिखित में से किस शब्द में 'प्र' उपसर्ग है?**

A. प्रचार

B. सम्मान

C. परलोक

D. निर्देश

**10. 'अज्ञान' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है?**

**शब्द में कौन-सा उपसर्ग है?**

A. अधि

B. कार

C. अ

D. अधी

**11. 'निराशा' शब्द में 'निर' उपसर्ग का क्या अर्थ है?**

A. साथ में

B. पूरी तरह

C. बिना

D. अत्यधिक

**12. 'दुर्व्यवहार' में उपसर्ग क्या है?**

A. व्य

B. दुर्

C. दुर्व्य

D. हार

**13. 'अपूर्व' शब्द में उपसर्ग है—**

A. पूर्व

B. अ

C. पूर

D. अप

**14. 'परामर्श' शब्द में कौन-सा उपसर्ग प्रयुक्त हुआ है?**

A. परा

B. परि

C. पर

D. परा+अमर्श

**15. 'समृद्धि' में उपसर्ग है—**

A. सम

B. समृ

C. समृ+द्धि

D. सम+ऋद्धि

16. **इनमें से किस शब्द में उपसर्ग 'नि' है?**

A. नमन

B. निबंध

C. नभ

D. सभी

17. **उपसर्ग से बना शब्द कौन-सा नहीं है ?**

A. विमुख
B. अभिन्न
C. सुन्दरता
D. प्रबल

18. **'प्र' उपसर्ग से बना शब्द पहचानिए?**

A. पवन
B. परदेश
C. परदादा
D. प्रयोग

19. **निर् + गुण से कौन-सा शब्द बनता है ?**

A. निर्गुण
B. निरगुण
C. निगुण
D. निरर्गुण

20. **'दु' उपसर्ग से बना हुआ शब्द कौन-सा है?**

A. दुखद
B. दरवाजा
C. दलदल
D. दादा

21. **अनुदेश' किस उपसर्ग के मिलने से बना है?**

A. वि
B.अनु
C. स्व
D. पर

**प्रश्न 1(B) उदाहरण के अनुसार शब्दों का उपयोग करके रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए। (प्रत्येक प्रश्न का एक अंक)** **(10)**

उदा. पवित्र+ता = पवित्रता

(1) स्वच्छ + ता=...............

(2) मीठा+ आई = .............

(3) भीख + आरी =.............

(4) भूख +=आ ..............

(5) पढ़ +आई =...........

(6) दया +आलु= ..........

(7) लड़+ आई =................

(8) खेल +औना =................

(9) लड़का +पन=............

(10) बाबू + आइन =.............

**प्रश्न 1(C ) निम्न उपसर्गों के योग से दो-दो शब्द बनाइए |** **(प्रत्येक प्रश्न का एक अंक)** **(5)**

**(1)** चौ –

**(2)** बिन-

**(3)** पर-

**(4)** अन-

**(5)** अध् -

**प्रश्न 1(D ) (अन, अ, चौ ,नि,पर, क, सु ,भर, स, दु) इनमें से उचित उपसर्ग जोड़कर नीचे दिए गए शब्दों से नए शब्द बनाइए|** **(प्रत्येक प्रश्न का एक अंक)** **(5)**

(ज्ञान (2) होनी (3) पूत (4) हत्या (5) लोक (6) विचार (7)बला (8) पेट (9) राहा (10) मोल

**H811 'क्या ,कौन,कब,कहां, क्यों और कैसे वाले प्रश्नों के उत्तर मौखिक और लिखित रूप से देते हैं|**

**हेतु लक्षी प्रश्न**

**प्रश्न 2 (A) सही विकल्प के सामने ✓ का निशान कीजिए।** **(प्रत्येक प्रश्न का एक अंक )** **(10)**

**1. मैं एक व्यवसायकार हूँ |**

A. तेल
B. तेली
C. तराजू
D. मिठाइयाँ

**2. मेले में क्या देखने को नहीं मिलता ?**

A. खिलौने
B. मिठाइयाँ
C. फ़िल्म
D. चिड़ियाघर

**3. निम्नलिखित में कौन- सा शब्द त्योहार नहीं है?**

A. ईद
B. दिवाली
C. रमजान
D. नाताल

**4. ' सबील' शब्द का अर्थ क्या है**

A. प्याल
B. प्याऊ
C. प्यार
D. ख्याल

**5. मिठाइयाँ बनाने का काम कौन करता है** ?

A.भिश्ती
B. हलवाई
C. धोबी
D. हवलदार

**6. अंतरिक्ष में जाने वाली प्रथम भारतीय महिला यात्री कौन है?**

A. सुनीता विलियम्स
B. कल्पना चावला
C. मेरी कॉम

D. अनिता पंड्या

7. **सुनीता विलियम्स और कल्पना चावला दोनों को किससे बेहद लगाव था?**

A. भारतीय फिल्मों से
B. भारतीय भोजन से
C. भारतीय नृत्य से
D. भारतीय संगीत से

8. **जीवनी साहित्य प्रकार में किसके जीवन को उजागर किया जाता है?**

A. स्वयं के जीवन को
B. दूसरे के जीवन को
C. समूह के जीवन को
D. किसी के जीवन को नहीं

9. **सुनीता को अंतरिक्ष परी बनाने में किसने प्रेरणा स्रोत का काम किया ?**

A. दीपक पंड्या
B. माइकल
C. कल्पना चावला
D. टीना

10. **अंतरिक्ष यान में कितने यात्री थे ?**

A. चार
B. पाँच
C. सात
D. नौ

**प्रश्न 2 (B) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप (एक वाक्य ) में लिखिए। (प्रत्येक प्रश्न का एक अंक) (11)**

**संक्षिप्त उत्तरवाले प्रश्न**

1. आप कौन-कौन से खेल में हिस्सा लेते हो?
2. सुनीता विलियम्स के अलावा हमारे देश के अंतरिक्ष यात्री कौन-कौन हैं ?
3. भारतीय नारियों को सुनीता से क्या सीख मिलती है?
4. आप बड़े होकर क्या बनना चाहेंगे?
5. परिवार में आप किसके साथ रहते हैं ?
6. 'धैर्य' शब्द का समानार्थी अर्थ क्या होता है?
7. घर से स्कूल आप कैसे जाते हैं ?
8. ईद की नमाज की जगह को क्या कहते हैं ?
9. 'कोष ' शब्द का अर्थ क्या है ?
10. लोहे की वस्तुएँ बनानेवाले को क्या कहते हैं ?
11. पुराने जमाने में घर- घर पानी पहुचाने का काम कौन करता था ?

**प्रश्न 2 (C) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक दो वाक्यो में लिखिए। (प्रत्येक प्रश्न का दो अंक) (28)**

**संक्षिप्त उत्तरवाले प्रश्न**

1. आपकी मनपसंद प्रार्थना कौन- सी है?
2. हम भगवान से कब प्रार्थना करते हैं?
3. आपका मनपसंद भजन कौन- सा है?
4. आप मुश्किल समय में किसे याद करते हैं?
5. आप अपने सपने साकार करने के लिए क्या-क्या करेंगे?
6. अंतरिक्ष से लौटने पर यात्री क्या अनुभव करते हैं?
7. आपको कौन-सा खेल खेलना ज्यादा पसंद है ?क्यों?
8. आप अपने परिवार के मान- सन्मान को बढ़ाने में कैसे योगदान देंगे ?
9. आपके जीवन में प्रेरणादायी महिला कौन है ? क्यों?
10. आप अपने घर में किस तरह मदद करते हैं ?

11. आपको खाने में कौन-सी मिठाइयाँ पसंद हैं?
12. चार  व्यवसायकारों के नाम लिखिए |
13. रसोईघर में कौन-कौन-से बर्तन होते हैं ?
14. चिमटे का उपयोग हम कहा पर करते हैं ?

**प्रश्न 2 (D) निम्नलिखित प्रश्नों के  उत्तर विस्तार से लिखिए।** **(प्रत्येक प्रश्न के तीन अंक)** **(21)**

**संक्षिप्त उत्तरवाले प्रश्न**

1. आप मेले में से क्या खरीदोगे  बर्तन या खिलौने ? क्यों ?
2. आपको कौन-सा खिलौना अच्छा लगता  है ? क्यों ?
3. आप अपने परिवार के विषय में क्या विचार रखते हैं?
4.यात्रा पर जाने से पहले कौन -कौन सी तैयारी करना आवश्यक है ?
5. आपको अंतरिक्ष यात्रा में जाने का मौका मिले तो आप क्या तैयारी करेंगे ?
6.अपने किसी  प्रवास  का वर्णन कीजिए।
7. सुनीता विलियम्स की पाँच विशेषताएँ  लिखिए|

**H801.01: अपरिचित शब्द सुनकर एवं पढ़कर समझते हैं|**

**हेतु लक्षी प्रश्न**

**प्रश्न-3  निम्नलिखित शब्दों का वर्गीकरण कीजिए।** **(5)**

(हाथी, सिपाही ,घोड़े , रेवड़ियाँ,धोबिन,गुलाबजामुन,ऊँट,वकील,सोहन हलवा,भिश्ती)

| पशु | मिठाई | व्यवसायकार |
|---|---|---|
| | | |

**H822 शब्द के लिंग परिवर्तन के नियमानुसार वाक्य प्रयोग करते हैं|**

**संक्षिप्त उत्तरवाले प्रश्न**

**प्रश्न.4 (A) रेखांकित शब्द का  लिंग बताइए और नया वाक्य बनाइए  (प्रत्येक प्रश्न के एक अंक)** **(5)**

(1) यह फूलदान बहुत अच्छा है|

(2) लड़की खेल रही है |

(3) प्याला रंगीन है|

(4) वह बहुत बलवान है |

(5) उसे रोग हुआ है |

**प्रश्न.4 (B) निम्नलिखित शब्द का लिंग परिवर्तन करके वाक्य प्रयोग कीजिए। (प्रत्येक प्रश्न के एक अंक)** **(5)**

**(1) भाग्यवान  (2) श्रीमान  (3) नर  (4) विधाता  (5) स्वामिनी**

**प्रश्न.4 (C) निम्नलिखित शब्दों का पुल्लिंग एवं स्त्रीलिंग में वर्गीकरण करके वाक्य में प्रयोग कीजिए।** **(5)**

(आँख, पेड़, लड़की, साधु, ,कुटिया, विधुर, नेत्री, देवर, रोगी, छाता)

| पुल्लिंग | स्त्रीलिंग |
|---|---|
| | |
| | |
| | |
| | |

**प्रश्न.4 (D) वाक्य पढ़िए और रेखांकित शब्द का लिंग पहचानिए। फिर उस शब्द का प्रयोग करके एक नया वाक्य बनाइए। (HOT) (प्रत्येक प्रश्न के दो अंक)** **(40)**

**1.वाक्य:** *राजा* दरबार में बैठे थे।

लिंग:________________

नया वाक्य:_________________

2. **वाक्य**: *रानी* महल की ओर चली गई।

लिंग: ____________

नया वाक्य: __________________________________________

3. **वाक्य**: *शेर* जंगल का राजा होता है।

लिंग: ____________

नया वाक्य: __________________________________________

4. **वाक्य**: *शेरनी* अपने बच्चों की रक्षा करती है।

लिंग: ____________

नया वाक्य: __________________________________________

5.**वाक्य**: *माली* फूलों की देखभाल करता है।

लिंग: ____________

नया वाक्य: __________________________________________

6.**वाक्य**: *नर्तकी* मंच पर नृत्य कर रही थी।

लिंग: ____________

नया वाक्य: __________________________________________

7.**वाक्य**: *लड़का* स्कूल जा रहा है।

लिंग: ____________

नया वाक्य: __________________________________________

8.**वाक्य**: *लड़की* ने कविता सुनाई।

लिंग: ____________

नया वाक्य: __________________________________________

9. **वाक्य**: *गाय* खेत में चर रही है।

लिंग: ____________

नया वाक्य: __________________________________________

10. **वाक्य**: *बिल्ली* चूहे को पकड़ रही थी।

लिंग: ____________

नया वाक्य: ________________________________________

11. **वाक्य**: उसने *किताब* मेज पर रखी।

लिंग: _______________

नया वाक्य: ________________________________________

12.**वाक्य**: *डिब्बा* बहुत भारी था।

लिंग: _______________

नया वाक्य: ________________________________________

13. **वाक्य**: वह *कुर्सी* पर बैठ गई।

लिंग: _______________

नया वाक्य: ________________________________________

14. **वाक्य**: *पंखा* बहुत तेज़ चल रहा है।

लिंग: _______________

नया वाक्य: ________________________________________

15. **वाक्य**: बच्चों ने *गेंद* से खेला।

लिंग: _______________

नया वाक्य: ________________________________________

16. **वाक्य**: वह *बिस्तर* पर लेटा था।

लिंग: _______________

नया वाक्य: ________________________________________

17.**वाक्य**: *घड़ी* समय दिखा रही है।

लिंग: _______________

नया वाक्य: ________________________________________

18. **वाक्य**: माँ ने *थाली* में खाना परोसा।

लिंग: _______________

नया वाक्य: ________________________________________

19. **वाक्य**: वह *कंबल* ओढ़ कर सो गया।

लिंग: _______________

नया वाक्य: ________________________________________

20. **वाक्य**: *पुस्तकालय* में बहुत सी किताबें हैं।

लिंग: ________________

नया वाक्य: __________________________________________

**प्रश्न.4 (E) सही विकल्प चुनकर लिखिए ।(प्रत्येक प्रशन का एक अंक)** **(5)**

## हेतु लक्षी प्रश्न

**1.'साधु' का स्त्रीलिंग रूप क्या है?**

A. साधिका

B. साध्वी

C. साधीका

D. साधिनी

**2.'नेत्री' किस प्रकार का शब्द है?**

A. पुल्लिंग

B. स्त्रीलिंग

C. विशेषण

D. सर्वनाम

**3. 'छात्रा' का पुल्लिंग रूप क्या होगा?**

A. शिक्षक

B. छात्र

C. अध्यापक

D. पाठक

**4. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द पुल्लिंग है?**

A. सखी

B. आंटी

C. साधु

D. बेटी

**5. 'पेड़' शब्द का लिंग क्या है?**

A. पुल्लिंग

B. स्त्रीलिंग

C. दोनों

D. कोई नहीं

**प्रश्न.4 (F) रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए। (प्रत्येक प्रशन का एक अंक)** **(5)**

1. साधु का स्त्रीलिंग रूप ________ होता है।
2. आँख, पेड़, और कुर्सी शब्द ________ लिंग हैं।
3. नेत्री शब्द ________ लिंग में आता है।
4. विष्णु एक ________ लिंग शब्द है।
5. छात्र का स्त्रीलिंग रूप ________ होता है।

**H821.01 समानार्थी शब्दों का वाक्य प्रयोग करते हैं |**

## संक्षिप्त उत्तर वाले प्रश्न

**प्रश्न-5 (A) निम्नलिखित शब्द का समानार्थी अर्थ देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए। (प्रत्येक प्रशन का एक अंक) (5)**

(1) मूल्य (2) आक्रमण (3) कोष (4)दोपहर (5)धीरज

**प्रश्न-5 (B) निम्न वाक्यों में रेखांकित किए गए शब्द का समानार्थी शब्द लिखकर अन्य वाक्य में प्रयोग करें | (प्रत्येक प्रश्न का एक अंक) (5)**

**संक्षिप्त उत्तर वाले प्रश्न**

(1) बरफ शीतल होता है |
(2) रमेश दु:खी होकर बाहर चला गया |
(3) रात होते ही अंधकार छा गया|
(4) माँ अपने बच्चों से स्नेह करती है|
(5) सुदामा दरिद्र ब्राहमण था|

**प्रश्न-5 (C) सही विकल्प चुनकर लिखिए। (प्रत्येक प्रश्न का एक अंक) (10)**

**हेतु लक्षी प्रश्न**

**1. निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा शब्द "सहन करना" का समानार्थी शब्द नहीं है?**

A. बर्दाश्त करना

B. झेलना

C.नकारना

D. सहना

**2. 'विजय' का समानार्थी शब्द कौन-सा है, जो केवल संघर्ष के बाद मिलने वाली सफलता को दर्शाता है?**

A. जीत

B. लाभ

C. सफलता

D. प्रगति

**3. यदि 'धैर्य' का समानार्थी शब्द 'सहनशीलता' है, तो 'धैर्य' के अर्थ में किस शब्द का प्रयोग उचित नहीं होगा?**

A. संयम

B. क्रोध

C. स्थिरता

D. सहनशीलता

**4. निम्नलिखित वाक्य में कौन-सा समानार्थी शब्द सबसे उपयुक्त होगा?**

"वह अपने काम में ___________ है, इसलिए उसे कोई चुनौती नहीं डराती।"

A. निडर

B. साहसी

C. डरपोक

D. कमजोर

**5. 'प्रेम' के समानार्थी शब्दों में से वह कौन-सा शब्द है जो केवल मानवीय भावनाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि व्यापक अर्थों में भी प्रयोग होता है?**

A. ममता

B. स्नेह

C. अनुराग

D. भक्ति

**6. "शीतल" शब्द का समानार्थी कौन-सा विकल्प अधिक उपयुक्त है जो उसी भाव को व्यक्त**

**करता है?**

A. गर्म

B. ठंडी

C. उजाला

D. नर्म

**7. "घर में अंधकार छा गया।" — इस वाक्य में 'अंधकार' शब्द का समानार्थी क्या है?**

A. उजाला

B. रौशनी

C. तिमिर

D. प्रकाश

8. **"माँ अपने बच्चों से स्नेह करती है।" — नीचे दिए गए विकल्प में से कौन-सा समानार्थी शब्द 'स्नेह' को सबसे बेहतर दर्शाता है?**

A. प्यार

B. दया

C. प्रेम

D. अपनापन

**9. "रामेश दुखी होकर बगीचे में चला गया।" — वाक्य को औपचारिक भाषा में कैसे बदला जा सकता है?**

A. रामेश उदास होकर निकल गया।

B. रामेश रोते हुए चला गया।

C. रामेश विषादग्रस्त होकर बगीचे चला गया।

D. रामेश चिंतित होकर बगीचे चला गया।

**10. "सुधाम दार्शनिक ब्राह्मण था।" — निम्न में से कौन-सा शब्द "दार्शनिक" का समानार्थी है?**

A. ज्ञानी

B. विचारक

C. विद्वान

D. चिंतक

**H821.02 विरुद्धार्थी शब्दों का वाक्य प्रयोग करते हैं|**

**प्रश्न-6 (A) निम्नलिखित विलोम शब्द का अर्थ देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए। (प्रत्येक प्रश्न का एक अंक) (5)**

**संक्षिप्त उत्तर वाले प्रश्न**

(1) खूबसूरत (2)क्रोध (3)संभव (4)निराशा (5)पक्का

**प्रश्न-6 (B) दिए गए शब्द का सही विरोधी चुनकर वाक्य में प्रयोग करें| (प्रत्येक प्रश्न का दो अंक) (10)**

(1) **रात**- दिवस, वासर, रजनी
(2) **राजा** – नरेश ,सुरेश, महेश
(3) **अमृत** –रस, शहद, विष
(4) **अपना**- खुद, पराया, स्वयं
(5) **प्रेम** –दुलार ,स्नेह ,घृणा

**प्रश्न-6 (C ) सही विकल्प चुनकर लिखिए। (प्रत्येक प्रश्न का एक अंक) (5)**

**हेतुलक्षी प्रश्न**

**1. निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा शब्द 'उच्च' का विरुद्ध शब्द नहीं है?**

A. नीच

B.निम्न

C. ऊँचा

D. अधम

**2. यदि 'प्रेम' का विरुद्ध शब्द 'घृणा' है, तो निम्नलिखित में कौन-सा शब्द प्रेम और घृणा दोनों के बीच भावनात्मक तनाव को दर्शाता है?**

A. द्वेष

B. सहानुभूति

C. मित्रता

D. संतोष

**3. 'शक्ति' का विरुद्ध शब्द कौन-सा है जो केवल शारीरिक कमजोरी नहीं बल्कि मानसिक स्थिति को भी दर्शाता है?**

A. दुर्बलता

B. कमजोरी

C. असहायता

D. निर्बलता

4. **नीचे दिए गए वाक्य में विरुद्ध शब्द का सही चुनाव करें:**

"उसका व्यवहार बहुत _________ था, जबकि मैं हमेशा शांत रहता हूँ।"

A. शांत

B. क्रोधित

C. धैर्यशील

D. संयमित

**5. 'सत्य' और 'असत्य' के बीच का विरोध केवल तथ्यात्मक भेद नहीं है, बल्कि यह नैतिक स्तर पर भी समझा जाता है। ऐसे में निम्न में से कौन-सा शब्द 'सत्य' का मात्र तथ्यात्मक विरुद्ध शब्द नहीं है?**

A. झूठ

B. मिथ्या

C. भ्रम

D. सच्चाई

**H821.03 मुहावरे का अर्थ देकर वाक्य में प्रयोग करते हैं|**

**संक्षिप्त उत्तर वाले प्रश्न**

**प्रश्न-7 (A) निम्नलिखित कहानी को पढ़कर कहानी में प्रयुक्त मुहावरे को ढूँढ़कर अर्थ देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए: (प्रत्येक के दो अंक )**

एक गाँव में राजू नाम का एक बहादुर लड़का रहता था। मुसीबत पड़ने पर कभी भी उसका दिल नहीं कचोटता था । एक दिन गाँव में दुष्ट जादूगरनी आई, जो बच्चों को पकड़कर अपने महल में कैद कर लेती थी । यह सुनकर गाँव वालों का दिल बैठ गया। राजू ने सोचा, "मुझे ही कुछ करना होगा । एक दिन रास्ते में उसे एक बूढ़ा आदमी मिला, जिसने राजू को एक जादुई ताबीज दिया और कहा, "बेटा, यह ताबीज तुम्हारा बेड़ा पार लगाएगा।"राजू ने हिम्मत जुटाई और जादूगरनी पर हमला कर दिया। जादूगरनी ने अपनी शक्तियों से राजू को डराने की कोशिश की, लेकिन ताबीज के कारण उसका बाल भी बांका न हुआ। जादूगरनी अपनी हार देखकर छाती पीटने लगी । और वह सुरलोक सिधार गई ।

**प्रश्न-7 (B) निम्नलिखित परिच्छेद में से मुहावरे ढूंढकर उसका अर्थ देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए : (प्रत्येक के दो अंक]**

अविनाश विदेश से लौटकर आया तो उसकी माँ का दिल कचोट रहा था क्योंकि उसे पता था कि अब उसे दोबारा जाने में समय लगेगा। जैसे ही वह घर पहुँचा, माँ दौड़कर उससे गले मिलीं और उनकी आँखों में खुशी के आँसू थे। कुछ पल के लिए तो अविनाश का दिल बैठ सा गया था, यह सोचकर कि उसने अपनी माँ को कितना इंतजार करवाया। लेकिन माँ के प्यार और आशीर्वाद के आगे, उसे यकीन था कि अब उसका कोई बाल भी बांका नहीं कर पाएगा।

**प्रश्न-7 (C) निम्नलिखित कहानी को पढ़कर कहानी में प्रयुक्त मुहावरे को ढूंढ़कर अर्थ देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए: (प्रत्येक के दो अंक )**

गाँव में एक लड़का था – रामू। वह पढ़ाई में तेज़ नहीं था, लेकिन अक्ल का धनी था। उसके पिता एक किसान थे, और चाहते थे कि रामू भी खेत में हाथ बँटाए। लेकिन रामू की तो दाल में कुछ काला था। रामू रोज़ खेत में जाने के बहाने निकलता, लेकिन दोपहर तक वह आसमान के तारे गिनता रहता यानी पेड़ की छाँव में लेटकर सपने देखता। एक दिन उसके पिता ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। गुस्से में बोले, "रामू, अब तेल देखो, तेल की धार देखो। अगर एक हफ्ते में तुमने मेहनत नहीं की, तो पढ़ाई-लिखाई सब बंद!"

रामू को झटका लगा। लेकिन वह भी कोई कच्ची गोलियाँ नहीं खेला था। उसने ठान लिया कि अब वह आगे कुआँ, पीछे खाई जैसी स्थिति में नहीं रहेगा।

अगले दिन से रामू सुबह-सुबह खेत में पहुँचने लगा। वह खुद काम करता और दूसरों की मदद भी करता। अब वह काम में जान फूँक देता। कुछ ही हफ्तों में उसके खेत सबसे हरे-भरे हो गए।

गाँव में एक कृषि अधिकारी निरीक्षण के लिए आया। उसने रामू के खेत देखे और दंग रह गया। उसने कहा, "तुमने तो लोहे के चने चबाए हैं बेटे!"

रामू मुस्कराया और बोला, "बस चाचा, नाच ना जाने आँगन टेढ़ा कहने से कुछ नहीं होता। मेहनत करनी पड़ती है।"

उस दिन उसके पिता की आँखें भर आईं। उन्होंने रामू को गले लगा लिया और कहा, "बेटा, अब जाकर मेरी मेहनत रंग लाई है।"

**प्रश्न-7 (D) जोड़े मिलान करें और मुहावरे का वाक्य में प्रयोग करके लिखें। (प्रत्येक का एकअंक ) (5)**

| मुहावरे | अर्थ |
|---|---|
| 1.याद ताजी होना | A. व्यक्तित्व निखारना |
| 2. खतरों से खेलना | B. बातें याद आना |
| 3. एक सूत्र में पिरोना | C.भयावह चीजों से पाला पड़ना |
| 4. सर ऊँचा होना | D. सबको साथ में रखना |
| 5. अस्तित्व को साकार रूप देना | E. गर्व होना |

**प्रश्न-7 (E) सही विकल्प चुनकर लिखिए। (प्रत्येक प्रश्न का एक अंक) (5)**

**हेतु लक्षी प्रश्न**

**1.मुहावरा "नाक कटना" का अर्थ क्या है? निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प इस मुहावरे के अर्थ को सबसे सटीक रूप से व्यक्त करता है?**

A. शर्मिंदा होना

B. भाग जाना

C. जीत जाना

D. गुस्सा होना

**2. "ऊँट के मुँह में जीरा" मुहावरे का उपयोग कब किया जाता है?**

A. जब कोई छोटी चीज बड़ी समस्या का समाधान करे।

B. जब कोई चीज बहुत कम हो और समस्या बहुत बड़ी हो।

C. जब कोई चीज बहुत बड़ी हो और समस्या छोटी हो।

D. जब कोई चीज पूरी तरह से गायब हो।

**3. "दूध का जला छाछ भी फूँक-फूँक कर पीता है" मुहावरा किस प्रकार के व्यक्तित्व को दर्शाता है?**

A. जो सावधान हो जाता है।

B. जो उत्साहित हो जाता है।

C.जो उदास हो जाता है।

D. जो भरोसेमंद हो जाता है।

**4. "खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे" मुहावरे का सही संदर्भ क्या है?**

A. जब कोई अपने क्रोध को नियंत्रित करता है।

B.जब कोई अपनी हार से नाराज होकर बिना वजह गुस्सा करता है।

C. जब कोई खुशी से झूम उठता है।

D. जब कोई समझदारी से काम करता है।

**5. निम्नलिखित मुहावरों में से कौन-सा मुहावरा किसी अप्रिय स्थिति को सहन करने या झेलने के लिए प्रयोग किया जाता है?**

A. आँख का तारा होना।

B. गाड़ी चला लेना।

C. मुंह में पानी भर आना।

D. कटोरा लेकर पानी पीना।

**प्रश्न-7 (F) निम्नलिखित प्रश्न के उत्तर एक शब्द लिखिए । (प्रत्येक प्रश्न का एक अंक)**

**संक्षिप्त उत्तर वाले प्रश्न** **(5)**

1. 'सांप भी मर जाए और लाठी भी न टूटे' मुहावरे का एक शब्द में अर्थ क्या है?
2. 'आसमान से गिरा, खजूर में अटका' मुहावरे की मुख्य भावना एक शब्द में क्या होगी?
3. 'घर की मुर्गी दाल बराबर' मुहावरे से जुड़ा एक शब्द बताइए।
4. 'ना नौ मन तेल होगा, ना राधा नाचेगी' का एक शब्द में क्या मतलब होता है?
5. 'ढाक के तीन पात' मुहावरे का एक शब्द में अर्थ बताइए।

**H823 शब्द के वचन परिवर्तन के नियमानुसार वाक्य प्रयोग करते हैं।**

**संक्षिप्त उत्तर वाले प्रश्न**

**प्रश्न-8 (A) निम्नलिखित वाक्यों में से रेखांकित शब्दों के वचन परिवर्तन करके वाक्य फिर से लिखिए। (प्रत्येक प्रश्न का एक अंक)**

1. दृश्य देखने के लिए घर का <u>दरवाजा</u> खुल गया।
2. <u>हम</u> तेरे आगे शीश झुकाते हैं।
3. हमने <u>कविताएँ</u> लिखी हैं।
4. <u>मैं</u> फूल लेने जा रहा हूँ।
5. बाग में <u>लड़का</u> खेल रहा है।

6. पेड़ पर चिड़िया बैठी है।
7. वंदन किताब पढ़ता है।
8. मैं कल गाँव जाऊँगा ।
9. तीर्थराज के पास छाता है।
10. कमरे में खिड़की खुली है।

**प्रश्न-8 (B) निम्न शब्दों का नियमों के आधार पर वचन परिवर्तित करके वाक्य प्रयोग कीजिए | (प्रत्येक प्रश्न का एक अंक)**

(1) नदी
(2) कुर्सी
(3) मक्खी
(4) रानी
(5) घोड़ा

**प्रश्न-8 (C) निम्न शब्दों का एकवचन और बहुवचन में वर्गीकरण कीजिए| (6)**

[ वस्तु ,ऋतुये ,वधु, रात, बहनें , किताब ,सड़क ,भाषाएँ ,दीवारें ,तोते, रूपया,सखियाँ ]

| एकवचन | बहुवचन |
|---|---|

**प्रश्न-8 (D) सही विकल्प चुनकर लिखिए। (प्रत्येक प्रश्न का एक अंक)**

**हेतु लक्षी प्रश्न (5)**

**1."दरवाज़ा" शब्द का वचन बदलने पर वाक्य में कौन सा शब्द उचित होगा?**

A. खिड़कियाँ

B. दरवाज़े

C. अलमारी

D. द्वार

**2. "हम" शब्द का वचन बदलकर कौन- सा एकवचन शब्द बनेगा?**

A. आप

B. मैं

C. तू

D. वे

**3. "कविताएँ" शब्द के स्थान पर यदि एकवचन करना हो, तो वाक्य में क्या परिवर्तन होगा?**

A. गद्य लिखी है।

B. कविता लिखी है।

C. लेख लिखे हैं।

D. कहानी लिखी है।

**4."मैं फूल लेने जा रहा हूँ।" इस वाक्य में "मैं" को बहुवचन बनाने पर सही वाक्य क्या होगा?**

A. हम फूल लेने जा रही हैं।

B. वे फूल लेने जा रहे हैं।

C. हम फूल लेने जा रहे हैं।

D. तुम फूल लेने जा रहे हो।

**5. "लड़का खेल रहा है।" वाक्य में वचन परिवर्तन कर सही विकल्प चुनें:**

A. लड़कियाँ खेल रही हैं

B. लड़का खेल रही है

C. लड़के खेल रहे हैं

D. बच्चे खेल रही हैं

**प्रश्न-8 (E) नीचे दिए गए वाक्य में से वचन परिवर्तन करने पर कौन-सा विकल्प व्याकरण की दृष्टि से सही नहीं है? (प्रत्येक प्रश्न का एक अंक)** **(10)**

**1.वाक्य: बच्चा खेल रहा है।**

A. बच्चे खेल रहे हैं।

B. बच्चों ने खेला।

C. बच्चों को खेलना चाहिए।

D. बच्चा खेलें हैं।

2. **अगर 'लड़का' का बहुवचन 'लड़के' है, तो 'नदी' का बहुवचन किस तरह बदलेगा?**

A. नदियाँ

B. नदीयाँ

C. नदीयों

D. नदि

**3.'बालक पुस्तक पढ़ता है।' इस वाक्य को बहुवचन में बदलिए और सही विकल्प चुनिए।**

A. बालक पुस्तकें पढ़ते हैं।

B. बालकों पुस्तक पढ़ते हैं।

C. बालक पुस्तक पढ़ता हैं।

D. बालक पुस्तक पढ़ते हैं।

**4. नीचे दिए गए शब्दों में से किस शब्द का वचन परिवर्तन करते समय रूप पूरी तरह बदल जाता है?**

A. कुत्ता

B. स्त्री

C. बच्चा

D. पुरुष

**5. निम्नलिखित में से कौन-सा वचन परिवर्तन सार्वनामिक शब्दों में किया गया है?**

A. लड़का – लड़के

B. वह – वे

C. बच्चा – बच्चे

D. पुस्तक – पुस्तकें

6. **नीचे दिए गए वचन परिवर्तन में कौन-सा परिवर्तन अर्थ का भी बदलाव करता है?**

A. राजा – राजाओं

B. फूल – फूलों

C. जल – जलें

D. बालक – बालकों

7. **वचन बदलते समय "लड़की" शब्द में क्या परिवर्तन होता है?**

A. स्वर परिवर्तन

B. व्यंजन परिवर्तन

C.मात्रा परिवर्तन

D. कोई परिवर्तन नहीं

**8. यदि वाक्य है – "यह बच्चा बहुत समझदार है।" इसे बहुवचन में बदलने पर कौन-सा सही होगा?**

A. यह बच्चे बहुत समझदार हैं।

B. ये बच्चे बहुत समझदार हैं।

C. वह बच्चे बहुत समझदार है।

D. वे बच्चा बहुत समझदार हैं।

**9. "पंखा चलता है" को बहुवचन में बदलने पर 'पंखा' और 'चलता है' का सही रूप क्या होगा?**

A. पंखों – चलते हैं

B. पंखा – चलते हैं

C. पंखे – चलते हैं

D.पंखे – चलता है

**10. छात्र को यह समझाना हो कि "पुस्तक" और "पुस्तकें" में क्या अंतर है, तो कौन-सी गतिविधि सबसे उपयुक्त होगी?**

A. केवल लिखित अभ्यास देना

B. चित्रों द्वारा एक और कई पुस्तकों को दिखाना

C. शब्दकोश देखने को कहना

D. व्याकरण की परिभाषा रटवाना

**H827 शब्दकोश का उपयोग करते हैं।**

## संक्षिप्त उत्तर वाले प्रश्न

**प्रश्न.9 : सूचना अनुसार कीजिए ।        (प्रत्येक प्रश्न का एक अंक)                (5)**

1. अपने पाँच मित्रों के नाम लिखकर शब्दकोश के सही क्रम में लिखिए|
2. पाँच सब्जियों के नाम लिखकर शब्दकोश के सही क्रम में लिखिए|
3. आंगन,अंधकार,अजगर,अखाड़ा, अंबर  शब्दों को पढ़िए और शब्दकोश के क्रम में लिखिए
4. 'क्षमा,कंगाल,मछली,गमला,करामत' : इन शब्दों में शब्दकोश के सही  क्रम के बाद तीसरा शब्द कौन सा है ?
5. काया,ज्ञान,दीपक,अमर,नूतन : दिए गए शब्दों में शब्दकोश के सही  क्रम के बाद  पहला शब्द कौन सा है ?

**H804 छपी हुई और हस्त लिखित पाठ्यसामग्री पढ़कर उसके भावार्थ को समझते हैं।**

**प्रश्न -10 (A) परिच्छेद को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर योग्य विकल्प चुनकर लिखिए । (प्रत्येक का एक अंक )**

## अति संक्षिप्त उत्तर वाले प्रश्न

पुराने जमाने में जब मनुष्य जंगलों में रहता था तब भी वह सूचनाओं का आदान-प्रदान और संचार करता था। हाँ, तब संचार का माध्यम उसके मुँह से निकली विभिन्न प्रकार की आवाजें हुआ करती थीं। आज भी कुछ आदिवासी कबीलों में ढोल पीट-पीट कर या कुछ विशेष प्रकार की आवाजें निकालकर सूचनाएँ एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुँचाई जाती हैं।

तुमने कौए को काँव-काँव करते देखा होगा। एक कौए की आवाज पर ढेर सारे कौए इकट्ठे हो जाते हैं। यह भी संचार का माध्यम है। जंगली जीव-जन्तु भी अपनी आवाजों के जरिए, एक-दूसरे तक अपना संदेश पहुँचाते हैं। धीरे-धीरे जब भाषा और शब्दों का विकास हुआ, हमारी एक लिपि तैयार हुई, तब कबूतरों के माध्यम से भी संदेश भेजे जाने लगे।

(1) पुराने जमाने में संचार का संचार का माध्यम क्या हुआ करता था?

A. मोबाइल फोन    B. कबूतर    C. डाक    D. विभिन्न प्रकार की आवाजें

(2) जंगली जीव-जन्तु एक-दूसरे तक अपना संदेश किसके जरिए पहुँचाते थे?

A. खुद पहुँचकर    B. किसी एक जीव-जन्तु को भेजकर

C. चिट्ठी लिखकर    D. अपनी आवाजों के जरिए

(3) भाषा, शब्दों और लिपि का विकास होने पर किसके माध्यम से संदेश जाने लगा?

A. आवाज के द्वारा    B. कबूतर के माध्यम से    C. कौए के माध्यम से    D. ढोल पीट-पीटकर

(4) 'पालतू' शब्द का विरुद्धार्थी शब्द कौन-सा है?
A. घरेलू B. जंगली C. पाल्य D. नवजात

(5) वर्तमान समय में संचार के किस साधन का उपयोग अधिक करते हैं?
A. पत्र B. पेजर C. तार D. मोबाईल

**प्रश्न -10 (B) निम्नलिखित परिच्छेद को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए |(प्रत्येक का एक अंक**

**1.** पशु-पक्षी जहाँ जन्म लेते हैं, उस देश को प्रेम करते हैं। जंगल में पैदा हुए किसी जानवर को भी आप पिंजरे में बंद कर सकते हैं, उसे लाख आराम पहुँचाने की कोशिश कर सकते हैं, पर वह सुखी नहीं हो सकता। उसे तो जंगल ही प्यारा लगता है और पंछी हो तो आकाश में उड़ना पसंद करता है। पिंजरे में बंद करने से कदापि सुखी नहीं हो सकता, उसका देश तो खुला आसमान, पेड़ों की शाखा में बनाया गया नीड़ है। वहाँ वह धूप, वर्षा और ठंड की कठिनाई सहकर भी सुखी रह सकता है।

1. पशु-पंखी को कैद क्यों नहीं करना चाहिए ?
2. पक्षी को पिंजरा क्यों पसंद नहीं हैं?
3. पंछी के घर के लिए कौन-सा शब्द है?
 [A.] पेड़ [B]. जंगल [C]. शाखा [ D]. नीड़
4. सबसे उँचा उड़नेवाला पक्षी कौन- सा हैं?
5. पक्षी कहाँ- कहाँ घोसला बनाते हैं?

**2.** बूढ़ी अम्मा बोली, "बेटा ! तुम निराशा की बात मत करो, पेड़ों की बात भी तुमने खूब कही। पेड़ तो यहाँ सब लोग काट रहे हैं। देखो अब पेड़ भी कहाँ बचे हैं? जब पेड़ ही नहीं होंगे तो पत्तियाँ कहाँ से आएँगी ? अगर पेड़ अधिक होते तो वर्षा भी अवश्य हो जाती। सारे जंगल से पेड़ों की कटाई जारी है। पेड़ नहीं होंगे तो हरियाली कहाँ से होगी। हरियाली नहीं तो वर्षा भी नहीं। लेकिन जो हुआ सो हुआ। अब तो तुम लोग पेड़ों पर ध्यान दो। तुम निराश मत हो। खेतों में हल चलाओ। उन्हें जोत कर बोने के लिए तैयार करो। इस मौसम में कभी न कभी तो वर्षा अवश्य होगी। अम्मा ने की हिम्मत बढ़ाई। वह उठी और लकड़ी टेकती हुई मुस्कुराकर राह चल दी।

1. पेड़ क्यों नहीं काटने चाहिए ?
2. पृथ्वी पर हरियाली लाने के लिए हमें क्या करना होगा ?
3. जंगल में कौन-कौन से पेड़ होते हैं
4 .आप के आसपास कौन-कौन से पेड़ हैं ?
5.उपर्युक्त परिच्छेद को उचित शीर्षक दीजिए |

**3.** सफलता की पहली कुंजी श्रम है। इसके बिना सफलता का स्वाद कभी भी नहीं चखा जा सकता है। जिंदगी में आगे बढ़ना है, सुख सुविधा से रहना है, एक मुकाम हासिल करना है तो इन्सान को श्रम करना होता है। भगवान ने श्रम करने का गुण मनुष्यों के साथ-साथ सभी जीव-जंतुओं को भी दिया है। पक्षी को भी सुबह उठकर अपने खाने-पीने का इंतजाम करने के लिए बाहर जाना पड़ता है। उसे बड़े होते ही उड़ना सिखाया जाता है, ताकि वह अपना पालन-पोषण खुद कर सके। दुनिया में हर जीव-जंतु को अपना पेट भरने के लिए खुद मेहनत करनी पड़ती है। इसी तरह मनुष्यों को भी बचपन से बड़े होते ही श्रम सिखाया जाता है। चाहे वह पढ़ाई के लिए या पैसा कमाने के लिए और नाम कमाने के लिए। मेहनत के बिना तो रद्दी भी हाथ नहीं आती।

1. इन्सान सफलता कैसे प्राप्त कर सकता है ?
2. पक्षियों को उड़ना क्यों सिखाया जाता है ?
3. मनुष्य श्रम से क्या-क्या प्राप्त कर सकता है ?
4. रद्दी भी हाथ न आना' मुहावरे का अर्थ क्या होगा ?
5. प्रस्तुत परिच्छेद के लिए उचित शीर्षक क्या होगा ?

**4.** भारत एक ऐसा देश है जहाँ हर दिन कोई न कोई त्योहार मनाया जाता है| ये त्योहार न केवल मनोरंजन का साधन है,बल्कि भारतीय संस्कृति और परम्पराओ का अभिन्न अंग भी है| भारत में मनाये जाने वाले त्योहारों में धार्मिक,मौसमी और राष्ट्रिय त्योहार शामिल है,जो देश की अद्वितीय विविधता को दर्शाते हैं|

दीपावली ,जिसे 'रोशनी' का त्योहार भी कहते है|ईद रमजान के पवित्र महीने के समापन का प्रतिक है| क्रिसमस 25 दिसंबर को मनाया जाता है|पोंगल दक्षिण भारत में और बैशाखी पंजाब में मनाया जाता है|ये सभी त्योहार हमें एक जुटता, प्रेम और भाईचारे का सन्देश देते है|

1. दीपावली को रोशनी का त्योहार क्यों कहते है?

2. दिसंबर माह में कौन-सा त्योहार आता है?
3. राष्ट्रीय त्योहार कौन-कौन से है?
4. परिच्छेद में 'अँधेरा' शब्द का विलोम शब्द कौन- सा हैं?
5. हम त्योहार क्यों मनाते हैं?

**H818.2 चित्र का अवलोकन करके काव्य मौलिक रूप में लिखते हैं।**

## निबंध प्रकार के प्रश्न

**प्रश्न-11 चित्र देखकर कविता का निर्माण कीजिए (प्रत्येक प्रश्न के पाँच अंक)**

**1.** विद्यालय




**2.** किताब



**3.** खेत



**4.** मेना



**5.** नदी



**H820 अपूर्ण काव्य और कहानी को पूर्ण करते हैं|**

**निबंध प्रकार के प्रश्न**

**प्रश्न-12 (A) काव्य पूर्ण कीजिए : (प्रत्येक के पाँच अंक )**

1. पापा मम्मी दीदी हम चार
छोटा- सा अपना परिवार
कर ना कोई हाथापाई
......................
......................

2. रंगबिरंगी होता
खुश्बू मैं फैलाता
................
................

3. माँ मुझको भी पौधा दे दे ,
मैं भी वृक्ष लगाऊँगा
..............................
..............................

4 . माँ खादी की चद्दर दे दो ,
मैं गाँधी बन जाऊँगा
..................................
.....................................

(5 ) **दिए गए शब्दों के आधार पर अपूर्ण काव्य पूर्ण कीजिए|**
[आम ,टोकरी, दाम ,छोकरी ,नाम ]
एक छोटी .......................................

भरकर लाई ..................................
टोकरी में ..........................................
नहीं बताती .......................................
डोली उसका ...................................

**प्रश्न-12 (B ) अपूर्ण कहानी को पूर्ण कीजिए|** **(5)**

**निबंध प्रकार के प्रश्न**

एक गाँव था | गाँव में तरह –तरह के व्यवसाय करने वाले लोग रहते थे| सभी लोग हिल-मिलकर रहते थे|गाँव में बच्चे सुबह –शाम तालाब के किनारे खेलने जाते थे|एक दिन बच्चे खेल रहे थे ,तभी जंगल में से एक शेर गाँव की तरफ आ रहा था | बच्चों को इस बात का पता नहीं था|............................................................

**H 832 घटना या प्रसंग के कारणों का अनुमान करते हैं|**

**प्रश्न -13 (A) निम्नलिखित विधानो के लिए कारण दीजिए : (प्रत्येक के पाँच अंक )**

1. अहमदाबाद हवाई अड्डे पर उत्तेजना थी क्योंकि..........
2. हमें नारी का सम्मान करना चाहिए क्योंकि ...............
3. सुनीता पांडे सुनीता विलियम्स बनी क्योंकि ..........
4. कल्पना चावला हमारी कल्पना बन गई क्योंकि ..............
5. बेग बिना विद्यालय में आना आपको कैसा लगता हैं?

**प्रश्न -13 (B) कारण सहित उत्तर दीजिए : (प्रत्येक के पाँच अंक )**

(1) हामिद की जगह आप होते तो चिमटे का उपयोग किस तरह करते ?
(2) त्योहार का हमारे जीवन में क्या महत्व है
(3) आपको अपना दोस्त अच्छा लगता है, कारण दीजिए |
(4) परिवार के काम में मदद करना क्यों आवश्यक है ?

**H816.02 परिचित विषय पर अपने विचार लिखित रूप से व्यक्त करते हैं |**

**निबंध प्रकार के प्रश्न**

**प्रश्न-14 (A) पात्रों का परिचय दीजिए : (प्रत्येक के पाँच अंक )**

1. रानी लक्ष्मीबाई
2. अहिल्याबाई
3. लता मंगेशकर
4. द्रौपदी मुर्मू
5. कल्पना चावला

**प्रश्न-14 (B) निम्नलिखित किसी एक विषय पर अपने विचार लिखिए : (प्रत्येक के दस अंक )**

**निबंध प्रकार के प्रश्न**

1. प्रवासका वर्णन कीजिए | जहा आप अपने विद्यालय की ओर से गए थे|
2. विद्यालय का पहला दिन
3. बाढ़ का वर्णन

**H803.02 कविता सुनकर एवं पढ़कर समजते हैं |**

**प्रश्न-15 (A) निम्नलिखित कविता के आधार पर प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प पसंद करके दीजिए।** **(5)**
**(प्रत्येक प्रश्न के एक अंक)**

**हेतु लक्षी प्रश्न**

तेरी है ज़मीन तेरा आसमां
तू बड़ा मेहरबां तू बक्शीस कर
सभी का है तू, सभी तेरे
ख़ुदा मेरे तू बक्शीस कर

1. **इस गीत में "तू बड़ा मेहरबां" कहकर किसके प्रति भाव व्यक्त किया गया है?**
   A. प्रकृति के प्रति कृतज्ञता
   B. ईश्वर के प्रति अनुरोध और सम्मान
   C. समाज के प्रति आलोचना
   D. खुद की तारीफ
2. **"सभी का है तू, सभी तेरे" वाक्य से क्या अर्थ समझा जा सकता है?**
   A. कोई भी व्यक्ति सबसे बड़ा है
   B. भगवान सबका मालिक है और सब उसी के अधीन हैं
   C. लोग एक-दूसरे के स्वामी हैं
   D. ज़मीन आसमान का मालिक इंसान है
3. **"बक्शीस कर" शब्द का प्रयोग यहाँ किस अर्थ में हुआ है?**
   A. पैसा देने के लिए
   B. दया और कृपा करने के लिए
   C. न्याय करने के लिए
   D. उपहार लेने के लिए
4. **इस गीत के आधार पर, "तेरी है ज़मीन तेरा आसमां" वाक्य में किस विषय की महत्ता बताई गई है?**
   A. व्यक्ति की महत्वाकांक्षा
   B. ईश्वर की सार्वभौमिक सत्ता
   C. प्रकृति की सुंदरता
   D. लोगों की एकता
5. **गीत के भाव के आधार पर कौन-सा विकल्प सही नहीं है?**
   A. सभी के लिए दया और कृपा की प्रार्थना की गई है।
   B. ईश्वर को सभी का मालिक माना गया है।
   C. यह गीत भौतिक वस्तुओं के महत्व पर आधारित है।
   D. गीत में निवेदन और श्रद्धा का भाव है।

**प्रश्न-15 (B) कविता के आधार पर निम्नलिखित वाक्य सही हैं या गलत लिखें। (5)**

तेरी है ज़मीन तेरा आसमां
तू बड़ा मेहरबां तू बक्शीस कर
सभी का है तू, सभी तेरे
ख़ुदा मेरे तू बक्शीस कर

1. गीत में "तेरी है ज़मीन तेरा आसमां" से ईश्वर की सार्वभौमिक सत्ता दर्शाई गई है।
   ...........
2. "तू बड़ा मेहरबां" में ईश्वर की उदारता की प्रशंसा की गई है।
   ........
3. "सभी का है तू, सभी तेरे" का अर्थ है कि केवल कुछ लोग ईश्वर के अधीन हैं।
   ........

4. “बक्शीस कर” का अर्थ यहाँ दया और कृपा माँगना है।

   ..........

5. इस गीत में व्यक्ति की व्यक्तिगत उपलब्धियों का वर्णन किया गया है।

   ............

**प्रश्न-15 (C) कविता के आधार पर रिक्त स्थान भरिए।** **(5)**

तेरी है ज़मीन तेरा आसमां
तू बड़ा मेहरबां तू बक्शीस कर
सभी का है तू, सभी तेरे
ख़ुदा मेरे तू बक्शीस कर

1. गीत में “तेरी है _______ तेरा आसमां” कहकर ईश्वर की _______ बताई गई है।

2. “तू बड़ा _______” शब्दों में ईश्वर की दया और _______ की विनती की गई है।

3. “सभी का है तू, सभी _______” का अर्थ है कि सब कुछ _______ के अधीन है।

4. इस गीत में “बक्शीस कर” का अर्थ है _______ और _______ देना।

5. गीत में यह बताया गया है कि ईश्वर हमारे _______ और _______ के स्वामी हैं।